सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 106 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

## तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल को भाव रही चीनी और मिठाइयां, ईडी ने जताई चिंता, कहा- ये जमानत पाने का हथकंडा अपनाने कौशिश में है

नई दिल्ली।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।केजरीवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचि का दायर की थी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जिस पर गुरुवार को ईडी ने अपना जवाब कोर्ट में दिया है।

ईडी के विशेष वकील ज़ोहेब हुसैन ने कहा, "डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा गया है। डाइट चार्ट में आम और मिठाइयां थीं, हमने इसे अदालत के सामने रखा है। वह विशेष रूप से मीठा भोजन खा रहे थे।" जिसकी किसी भी मधुमेह रोगी को अनुमति नहीं है." ईडी ने अदालत को बताया, "टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च चीनी सामग्री वाले भोजन खा रहे हैं। वह रोजाना 'आलू पूरी', आम, मिठाई खा रहे हैं। यह चिकित्सा जमानत के लिए आधार बनाने के लिए किया जा रहा है।"



## अमानतुल्लाह को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। इस तरह आम आदमी पार्टी के कई नेता गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल हैं दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। एजेंसी ने उन्हें मामले का सरगना और मुख्य साजिशकर्ता बताया है। एजेंसी का आरोप है कि केजरीवाल ने दक्षिण समूह के शराब व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी



नीति में बदलाव किया और इसके बदले 100 करोड़ रुपये रिश्वत की मांग की। उक्त धनराशि का इस्तेमाल गोवा व पंजाब के विधानसभा चुनाव में किया गया। आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव में अपराध की आय का इस्तेमाल किया, जिसमें केजरीवाल मुख्य निर्णयकर्ता हैं।8 अप्रैल को अमानतुल्लाह गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को दस घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। विधायक को दिल्ली वक्फ बोर्ड नियुक्ति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार है। विधायक सुबह 11 बजे ईडी के ऑफिस पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमानतुल्लाह जांच एजेंसी के सामने पेश हुए थे।

अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष होने के दौरान उन्होंने बोर्ड में 32 लोगों की अवैध तरीके से की नियुक्ति की थी। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराए पर दिया है।

ये भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के धन का दुरुपयोग किया है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ ने इस तरह की अवैध भर्ती के खिलाफ बयान जारी किया था।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।



लोकसभा में पहले चरण का मतदान कल होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे।

उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

## सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में चुनाव की अधिसूचना जारी

**ब्यूरो,** रांची। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में पहले चरण की चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में चुनाव के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ इन सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। हालांकि, पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ।चार सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी हुई है, उनमें तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा एसटी के लिए आरक्षित हैं, जबकि पलामू एससी के लिए आरक्षित है। चुनाव आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार, इन सीटों पर




नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है।दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इन चारों सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। राज्य के लगभग एक चौथाई (25.07 प्रतिशत) मतदाता इस पहले चरण की सीटों पर मतदान करेंगे।

इस चरण में कुल 64,37,460 मतदाता वोट देंगे। इनमें 32,29,480 पुरुष मतदाता, 32,07,938 महिला तथा 42 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। चुनाव में बनाए गए कुल मतदान केंद्रों में 25.72 मतदान केंद्र इन संसदीय क्षेत्रों में हैं।

बता दें कि एनडीए तथा आइएनडीआइए ने इन चार सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सिंहभूम में भाजपा ने गीता कोड़ा तथा झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, खूंटी में एक बार फिर अर्जुन मुंडा (भाजपा), और कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) आमने-सामने होंगे। लोहरदगा में भाजपा ने समीर उरांव एवं कांग्रेस ने सुखदेव भगत तथा पलामू में भाजपा ने वीडी राम तथा राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

फैक्ट फाइल

चार सीटों में सिंहभूम, खूंटी तथा लोहरदगा में पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। सिर्फ पलामू में पुरुष मतदाता अधिक हैं।

खूंटी क्षेत्रफल के हिसाब से राज्य का दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। यह 8,799 वर्ग किमी में फैला है।

मतदाताओं की संख्या के लिहाज से झारखंड के तीन सबसे छोटे संसदीय क्षेत्रों खूंटी (13,20,808 मतदाता), लोहरदगा (14,36,351 मतदाता) तथा सिंहभूम (14,41,841 मतदाता) में इस पहले चरण में चुनाव होगा।

चारों सीटें राज्य के 10 जिलों तथा 23 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करती

## तेजस्वी के व्यवहार से दुख हुआ, उनकी मां मेरी मां जैसी हैं : चिराग पासवान

**पटना।** चिराग पासवान की मां को लेकर अपनी सभा में कहे गए अपशब्द पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि हमने वीडियो देखा है। नेताओं को सुनने आई भीड़ में पब्लिक बोल रही है। मंच से किसी के बारे में कोई अपशब्द नहीं कहे गए हैं।तेजस्वी ने आगे कहा कि लोग भाषण सुनने आते हैं तो उस दौरान भीड़ में बैठकर तरह-तरह की बातें करते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे तो कोई कुछ भी कहता रहता है। इसमें बात का बतंगड़ बनाने को कोई औचित्य नहीं। अगर ऐसी कोई बात मेरे कान तक आई होती तो मैं टॉलरेट नहीं करता।

तेजस्वी यादव ने कहा, चुनाव के दौरान कौन बेवकूफ होगा जो ऐसी बात करेगा। उन्होंने कहा कि पब्लिक में लोग आते हैं मंच के नीचे से बातें करते हैं वीडियो बनाते हैं। हजारों लोग वीडियो बना रहे हैं। ऐसे तो हजारों लोग हैं जो हमें भी दिन-रात गाली देते हैं।तेजस्वी के व्यवहार से दुख हुआ, उनकी मां मेरी मां जैसी हैं : चिराग



चिराग पासवान ने कहा कि तेजस्वी यादव के व्यवहार से मन दुखी हुआ है। उन्होंने तेजस्वी यादव को छोटा भाई बताया और कहा कि मंच पर मेरे छोटे भाई खड़े थे। उनसे मेरा पुराना रिश्ता है। हम लोग अलग-अलग राजनीतिक दल में हैं, लेकिन इस कारण हम एक दूसरे को अपशब्द नहीं बोल सकते।

उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए गाली-गलौज, अपशब्द उचित नहीं है। जिस मंच पर तेजस्वी थे उनकी जगह यदि मैं होता और तेजस्वी यादव की मां राबड़ी देवी के बारे में कोई अपशब्द कहता तो मैं उसका विरोध करता, क्योंकि राबड़ी देवी भी मेरे लिए मां जैसी हैं। मैं कतई फर्क नहीं करूंगा तेजस्वी की और अपनी मां में।अपनी भाभी के बारे में अपशब्द बोले जाने पर पशुपति पारस ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार से इस प्रकार के तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा इस प्रकार की घटनाएं माफी योग्य नहीं हैं। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उक्त घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। आरोपी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा।चिराग पासवान की मां के प्रति अपशब्द कहने का मामला चुनाव आयोग पहुंच गया है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल एसीईओ (अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी) से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के विरुद्ध कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने इसकी शिकायत मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी जमुई से भी की है।

आवेदन में कहा गया है कि राजद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने तेजस्वी के सामने चिराग की मां के लिए अपशब्द कहे बल्कि जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल भी किया गया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा न्यायिक मामले विभाग के प्रमुख एसडी संजय के अलावा विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, ,डा. उषा विद्यार्थी, अनामिका पासवान, जदयू की अनुप्रिया, रत्ना पुरकायस्थ, अंजुम आरा एवं अन्य कई नेता सम्मिलित थे।



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत 4 लोगों की पीएमएलए कोर्ट ने ईडी को रिमांड सौंप दी है। कोर्ट ने ईडी को 5 दिनों की रिमांड दी है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने 7 दिनों के रिमांड की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने 5 दिन की मंजूरी दी है। अब ईडी इन सबसे पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि चारों की गिरफ्तारी मंगलवार देर रात की गई थी। गिरफ्तार होने वालों में जेएमएम नेता अंतु तिर्की, रियल स्टेट बिजनेसमैन बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरशाद हैं। ईडी ने मंगलवार अहले सुबह इन 4 लोगों के ठिकाने पर दबिश दी थी और उन्हें अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई थी।

## ईरान में फंसे जहाज से भारतीय सही सलामत लौटी

**ई दिल्ली:** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल के त्रिशूर में रहनेवाली एन टेसा जोसेफ सही-सलामत भारत लौट आई है। गुरूवार को एन टेसा कोचीन एयरपोर्ट पर पहुंची। वहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी का इजहार करते हुये X लिखा कि मोदी की गारंटी हमेशा काम करती है। फिर चाहे वो देश हो या विदेश। वहीं विदेश मंत्रालय के कहना है कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज पर बचे बाकी 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। वर्तमान में जहाज ईरान के कब्जे में है। चालक दल की सदस्य ठीक हैं और वे अपने परिजनों के संपर्क में हैं। बहुत जल्द सबकी वापसी होगी।



## सेना की 17 हेलिकॉप्टरों की ली गई मदद

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिये कल यानी 19 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बिहार में औरंगाबाद, गया, जमुई व नवादा सीट पर मतदान होगा। वहीं, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की 92 विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जायेंगे। तमिलनाडु में 39 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण के मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई है। कहीं कोई भूल-चूक नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहै है। बूथ के आसपास ड्रोन से नजर रखी जायेगी। मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। भारतीय वायु सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। साफ-सुथरा, निष्पक्ष और पीसफुल चुनाव कराने के लिहाज से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। असम की डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर व सोनितपुर सीट पर वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की करीब 300 कंपनियां तैनात की गई हैं।



# चुनाव आयोग की डमी कैंडिडेट पर रहेगी सख्त नजर, होगी कडी कार्रवाई

**चौथे चरण के चुनाव के लिए राज्य के चार लोस क्षेत्रों में पहले दिन एक भी नामांकन नहीं**

**गाडी के परमिट में फर्जीवाडा रोकने के लिए फूलप्रूफ व्यवस्था- के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

**उम्मीदवारों के लिए गाडियों का परमिट होगा फूलप्रूफ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि






लेना होगा।

**पहले दिन एक भी नामांकन नहीं**

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे।

**क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बडा लोस क्षेत्र**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बडा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बडे क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ॰ नेहा अरोडा और ओएसडी गीता चौबे भी मौजूद थीं।

# कड़ी नजर, फूलप्रूफ होगा उम्मीदवारों की गाड़ियों का परमिट

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर रहेगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि इसे लेकर आयोग द्वारा सख्त निर्देश जिम्मेदार पदाधिकारियों को दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे उम्मीदवारों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं। इसपर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।




'गाड़ियों का परमिट फूलप्रूफ होगा'

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए जारी होनेवाला गाडियों का परमिट फूलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फारमेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डुप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के लिए इसे गाडी की स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं, गाडी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाडी का परमिट लेना होगा।इससे पहले उन्होंने पहले चरण की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा एवं पलामू में चुनाव की अधिसचूना जारी होने की जानकारी दी। इस मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर बैठक

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक

जिला के सभी सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ बैठक

मतदाताओं को पानी पिलाने, मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के लिए भोजन आदि की व्यवस्था को लेकर दिये गये उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश

रांची।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई।

समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची श्री राजेश्वरनाथ,





उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्री बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर कतार में लगे मतदाताओं को पानी पिलाने, मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के लिए भोजन आदि की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिये गये।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को स्कूल भवनों में बने मतदान केन्द्रों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी के लिए पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि की व्यवस्था मतदान दिवस से पहले सुनिश्चित कर लें। मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी पूरी तैयारी करें, व्यवस्था के लिए वॉलिंटियर्स का सहयोग लें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के भोजन की व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश दिये गये। मतदान दिवस पर दिव्यांगजनो के लिए की जानेवाली व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संबंधित बीएलओ के पास दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए ट्राईसाइकिल की व्यवस्था होती है। बूथ पर शेड और कतार व्यवस्था के लिए बीएलओ के माध्यम से पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया।

# तमाड और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्टैटिक सर्विलांस टीम (SST) क्रियाशील

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील

**तीन पालियों में 24×7 की जा रही सतत निगरानी**

मांडर विधानसभा क्षेत्र के 7 और तमाड विधानसभा क्षेत्र के 4 स्थानों पर SST की प्रतिनियुक्ति

SST को उडन दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश

भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने और वीडियोग्राफी का निर्देश

रांची।रांची जिला में लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु स्थैतिक निगरानी दल (स्टेटिक सर्विलांस टीम) का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने



के साथ ही रांची जिला अंतर्गत तमाड और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो क्रमशः खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है।

**24×7 सतत निगरानी**

स्थैतिक निगरानी दल द्वारा तीन पालियों (सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक, रात 10 बजे से सुबह 6:00 बजे तक) में 24×7 सतत निगरानी रखी जा रही है। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है।

बिना उचित कागजातों के बेहिसाब नकदी/10 लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एसएसटी द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाएगा, इसके आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय अनुवीक्षण कोषांग द्वारा इस आशय से आयकर विभाग के सहायक निदेशक को सूचित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल को उडन दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

मांडर विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी SST

1. महूगांव-फतेहपुर पथ, लापुंग, फतेहपुर में।
2. कर्रा-ककरिया पथ लापुंग
3. पुरनापानी-लापुंग पथ दोलैया में
4. लापुंग-सिसई पथ परसा में
5. गुमला रोड एवं लोहरदगा रोड बेडो प्रखंड के पास
6. रांची-गुमला रोड पुरनापानी में
7. कुडू-रांची पथ, चान्हो के पास

तमाड विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी SST

1. टाटा-रांची पथ, रांगामाटी के पास
2. मारंगहादा-तैमारा पथ
3. सरायकेला-रडगांव पथ, रडगांव पथ
4. सरायकेला-रडगांव पथ, डोरेया मोड के पास

# 21 अप्रैल 2024 को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

**मोरहाबादी मैदान से सुबह 7:00 बजे से होगी मैराथन की शुरुआत**

**नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उप विकास आयुक्त श्री दिनेश यादव ने तैयारी को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**रांची** ।स्वीप के तहत तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 21 अप्रैल 2024 को सुबह 7:00 बजे मैराथन की शुरुआत मोरहाबादी मैदान से होगी।



रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

## प्रदेश, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर बनेगी समन्वय समिति.....बाबूलाल मरांडी

एन डी ए गठबंधन एकजुट होकर लड़ेगा चुनाव

14 सीट को जीतने का पूरा करेंगे लक्ष्य

फिर एक बार मोदी सरकार के साथ 400 पार का पूरा करेंगे संकल्प

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के डिब्डीह आवास पर आज देर शाम एन डीए की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू,सांसद प्रदीप वर्मा,जदयू प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद खीरू महतो,आजसू के देवशरण भगत एवम लोजपा



के वीरेंद्र प्रधान एवम राजकुमार राज उपस्थित थे।

मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा झारखंड में लोकसभा चुनाव एन डी ए के सभी घटक दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा।

बताया कि प्रदेश स्तर पर सभी दलों से दो दो प्रतिनिधियों को मिलाकर राज्य स्तर पर

# झारखंड में हीट वेव असर देखा जाएगा

**रांची।**झारखंड में 3 दिन तक हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने स्पेशल बुलेटिन जारी करके यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि कम से कम 3 दिनों तक



झारखंड के कई जिलों में उष्ण लहर यानी हीट वेव का असर देखा जाएगा। आईएमडी के येलो अलर्ट में बताया गया है कि 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक झारखंड के कम से कम 7 जिलों में लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ेगा। रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि 19, 20 और 21 अप्रैल को कोल्हान प्रमंडल के साथ-साथ संताल प्रमंडल के जिलों में भी उष्ण लहर की स्थिति बनेगी। इस दौरान लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह भी मौसम विभाग की ओर से दी गई है।

# भाजपा ने इंडी एलायंस के प्रेस वार्ता पर किया पलटवार

## ''द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो' होगा इंडी एलायंस रैली - प्रतुल शाह देव

भाजपा ने इंडिया एलाइंस पर की 21 अप्रैल की रैली पर बड़ा हमला बोलते हुए उसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो कर दिया। आज प्रदेश मीडिया सेंटर ,हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार ,स्टालिन का परिवार ,ममता बनर्जी का परिवार ,हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आएगा। प्रतुल ने कहा यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर कर एक मंच पर आया है। ईडी आईटी और सीबीआई की दबिश के बाद जिन 16 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदे उसका सिर्फ 37% हिस्सा भाजपा को



मिला और 63% विपक्ष को - इलेक्टरल बॉन्ड पर प्रतुल ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए बताया कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। जिसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी,सीबीआई या आईटी की इंक्वारी चल रही है।इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37% हिस्सा भाजपा को मिला जबकि 63% हिस्सा विरोधियों को मिला। प्रतुल ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं।तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडि एलायंस के दलों को दे दिया।

प्रतुल ने कहा कि इस राज्य सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है।लव जेहाद भी बढ़ा है।झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नसरुल इस्लाम को लोग मुसलमान बता कर बचाव कर रहे हैं।प्रतुल ने कहा उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही थी और उसको भी हिंदू मुस्लिम के चश्मे से देखने वाले देश का विकास कभी नहीं कर सकते। जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।

आज की प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे

## रिश्वत लेने वाले क्लर्क को दोषी करार देते हुए तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है

**रांची।** सीबीआइ कोर्ट ने पांच हजार रिश्वत लेने वाले क्लर्क को दोषी करार देते हुए तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस के बाद रेलीगढा परियोजना कार्यालय रामगढ के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल की सजा के साथ 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में 6 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गयी थी। दरअसल, सीबीआइ की टीम ने 5 मार्च 2020 को



पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। उन्होंने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इनक्रीमेंट के एरियर का भुगतान करने के लिए रिश्वत मांगी थी। आरोपों को साबित करने के लिए सीबीआइ ने कोर्ट में 8 गवाहों को प्रस्तुत किया।

## श्री चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा खोइछा भरकर माँ भवानी को दी विदाईः-

श्री चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा द्वारा चैत नवरात्र में आयोजित माँ भवानी की भव्य पूजा का समापन आज माँ भवानी की प्रतिमा विर्शजन के साथ संपन्न हुयी।



समिति द्वारा इस अवसर पर पूजा प्रांगण से विराट शोभा यात्रा निकाली गयी। पुष्प सज्जित वाहन में माँ की प्रतिमा स्थापित थी।

प्रचार वाहन ताशा पार्टी ढाक बाजा और मोबाईल भजन के साथ शोभा यात्रा काली मंदिर रोड से झंडा चौक गाँधी मैदान एजी मोड़ कृष्ण पार्क हिनू चौक होते हुए सेक्टर टू पहुंची जहाँ मतस्य विभाग के तालाब में प्रतिमा विर्शजन किया गया।

शोभा यात्रा में माता भक्त ताशा के धुन पर नाचते अस्त्र शस्त्र के खेल का प्रदर्शन कर रहे थे।

ढाक बाजा के साथ माता की जयकारा लगाते लोग चल रहे थे।

शोभा यात्रा में शामिल मोबाईल भजन के साथ हजारों की संख्या में महिलाएं संगीतमय भजनों में नाचते माता की जयकारा लगाते चल रहे थे।

समिति की ओर से भक्तों के बीच खीर प्रसाद वितरण किया जा रहा था। शोभा यात्रा का स्वागत संजय बरम्मन परिवार महावीर सेवा संघ श्री शिव मंदिर महावीर मंदीर मिथकों मैदान श्री मनोकामना हनुमान समिति सनातन दुर्गा पूजा समिति बिना सत्य भारती नवयुवक संघ श्री महावीर मंदिर न्यास समिति बिना श्री कृष्ण महावीर मंडल हिनू द्व स्वागत शिविर लगाकर किया गया।

शोभा यात्रा का नेतृत्व प्रकाश वर्मा राकेश पाल महेश विजय प्रमोद चौधरी मुकेश गुप्ता हिमांशु शेखर दास राजकुमार पाल देवाशीष दत्ता लडडू साव रामवृक्ष साव सतीश प्रसाद अरुण गुप्ता डिंपल नाग दीपक राम शंभु गुप्ता विनय गुप्ता शम्मी गुप्ता ने किया।

शोभा यात्रा में हटिया विधायक नवीन जयसवाल श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता सुरेश प्रसाद योगेश्वर दूबे विजय प्रधान मनोज शर्मा टिंकू शर्मा दशरथ राम बिनोद पासवान चंदन गुप्ता अजीत पाठक मनोज वैद्य महेन्द्र साव विजय ठाकुर सरदार नरेंद्र पाल सिंह राजू चौरसिया देश घोष सहित बड़ी संख्या में माता भक्त प्रमुख रूप से शामिल हुए। यह जानकारी समिति के संस्थापक सदस्य मनोज वर्मा ने दी।

# धनबाद।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



18 अप्रैल 2024 को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुडे कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ब ज्र गृ ह - स ह - डि स्पै च सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खडे सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## बुजुर्ग के लिए सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने रक्त उपलब्ध कराया



**धनबाद** के सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) में ईलाजरत 72 वर्षीय बुजुर्ग नमिता सिन्हा की हालत को देखते हुए डॉक्टर ने तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त चढ़ाने की सलाह मरीज के परिजन को दिया जिसमें से एक यूनिट रक्त मरीज के घर के सदस्य ने दिया l

उपरोक्त बातें संस्था की महिला सक्रिय सदस्य सोनाली नायक ने संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया सूचना मिलने के पश्चात श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की रक्त प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के परिजन को रक्त प्रदान कर दी गई, मरीज को तबीयत अब पहले से काफी ठीक हैं संस्था के संस्थापक ने कहा कि यदि आगे भी इन्हें रक्त की आवश्यकता पडी तो संस्था के द्वारा इन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी l

## 18 अप्रैल को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक ऐलसी रोड हीरापुर में हुआ,



बैठक की अध्यक्षता टनी बनर्जी ने किया, बैठक में सभी वक्ताओं ने एक सुर से कहा कि झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अभी तक धनबाद लोकसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं दिया है, अगर संगठन के किसी भी बढ़िय साथी अगर किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह उसका व्यक्तिगत समर्थन है ना कि संगठन का , संगठन में रहकर किसी भी सदस्य आम सहमति के बिना किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह अपना लाभ लेने के लिए समर्थन दे रहा है, वह व्यक्ति संगठन के खिलाफ काम कर रहा है, इसके खिलाफ संगठन उचित कार्रवाई करेगा, बैठक में मुख्य रूप से भवानी बंदोपाध्याय,सम्राट चौधरी, कल्याण घोषाल, कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, बादल सरकार, कल्याण राय, सुरजीत चंद्रा, रघुनाथ राय, देवाशीष पांडे,शिबू चक्रवर्ती, काशीनाथ मंडल, राजू प्रमाणिक,

## प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण- जिला निर्वाचन पदाधिकारी

धनबाद।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निर्देशानुसार आचरण अपेक्षित है।

उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली हर छोटी बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरशः पालन करे। आयोग ने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें।

इस अवसर पर उपायुक्त स माधवी मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों पर आरपीए एक्ट में की जाएगी कार्रवाई - डीडीसी

**धनबाद।**उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर ने आज पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में प्रीसाइडिंग ऑफीसर को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रीसाइडिंग ऑफीसर्स आयोग के निर्देशानुसार अच्छे से प्रशिक्षण ग्रहण करें। साथ ही कहा कि बिना कोई ठोस कारण प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले प्रीसाइडिंग ऑफीसर के विरुद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान यदि कोई विषय संशय होती है तो प्रीसाइडिंग ऑफीसर मास्टर ट्रेनर या प्रशिक्षक का नंबर अपने पास रखें और उनसे फोन से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे जिला कार्यालय में आकर किसी भी प्रश्न के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान सभी को मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, मतदान शुरू करने की प्रक्रिया, मतदान संपन्न हो जाने के बाद की प्रक्रिया, एब्सेंटी व शिफ्टेड वोटर, विभिन्न प्रपत्र सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, मास्टर ट्रेनर श्री संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा धूमधाम से मनाई रामनवमी



हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा रामनवमी कार्यकर्म बहुत ही सुंदर एवम् भव्य तरीका से अखाड़ों के खिलाड़ियों एवम् श्रद्धालुयो के बिच ठंडा पानी, शर्बत एवम् प्रशाद के रुप में बुंदिया का वितरण कर साथ में फर्स्ट ऐड का बेबस्था कर सभी सदस्यों के द्वारा शांति पूर्वक मनाया गया, इस कार्यकर्म में संघठन से जुड़े सभी धर्म के सद्स्य अपना अपना बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी, समाज में एक भाईचारे के संदेश देने का कार्य किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्त्ता एवम् पधाधिकारी अपना अपना अहम भूमिका निभाई, कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव झारखण्ड के श्री राजेश गुप्ता ने कहा की ये कार्यक्रम हमलोगो के द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है, इस तरह का कार्यक्रम करने से समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचता हैं की संघठन में हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई एक मंच में मौजूद होकर एक साथ भाईचारा के साथ कार्यक्रम को पुरा किया जाता हैं, श्री गुप्ता जी ने मंच में सभी को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के टीम हर समय शोषित,पीड़ित लोगों के लिए खड़े है जब भी किन्ही को दिक्कत या जरुरत पढ़े वो जरूर से जरूर संहठन से सम्पर्क करें उनकी सहायता की जाएगी

## सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**धनबाद।**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आज न्यू टाउन हॉल में सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।





इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि हर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं की लाइन रहेगी। प्रयास करना है कि दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता अधिक देर तक लाइन में खड़े नहीं रहे।

साथ ही बताया गया कि नॉमिनेशन के अंतिम दिन से मतदान के 5 दिन पहले बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटनी है।

साथ ही बताया गया कि वोटर कार्ड के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, नेशनल पापुलेशन रजिस्टर, मनरेगा जॉब कार्ड, हेल्थ कार्ड, फोटो युक्त पेंशन पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज से मतदाता वोटिंग कर सकते हैं।

प्रशिक्षण के अंत में ईवीएम पर मतदान की प्रक्रिया से सभी को रूबरू कराया गया।

## एलएंडटी के स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**धनबाद** : बरवाअड्डा थाना अंतर्गत पंडूकी स्थित एलएंडटी स्टोर में आज अगलगी की घटना घटी। स्टोर के कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। कर्मियों की सूचना पर कंपनी के अकॉउंटेंट भानु प्रताप सिंह ने फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को घटना के बाबत जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई। फायर ब्रिगेड की तीन – तीन गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कर्मचारियों के अनुसार चहारदिवारी के दूसरी तरफ आग लगी थी। हवा के साथ जलती चिंगारी चहारदिवारी के अंदर प्रवेश कर स्टोर में रखे प्लास्टिक में आग लग ग ई। भानु प्रताप ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

## पूर्वी टुंडी के पालोबेडा गाँव के एक घर में लगी भयंकर आग,सारे सामान जलकर हुए राख

**धनबाद** : धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड अन्तर्गत पालोबेडा गाँव के एक घर में आज सुबह करीब 10:30 बजे भयंकर आग लग गई. यह आग गांव के मदन भंडारी के यहां लगी. आगलगी की घटना से घर के अंदर रखे सारे सामान जलकर राख हो गए.



समय पर आग पर काबू न पाने की वजह से आग की लपटें धीरे धीरे पूरे घर में फैल गई और पक्के मकान के अंदर रखे बिचाली में भी लग गई. बिचाली में आग लगने के साथ ही लपटें धधक उठी. शुरुआती आग को बुझाने के प्रयास में एक बीस वर्षीय युवक राजकुमार भंडारी बुरी तरह झुलस गया जिसे ग्रामीणों की मदद से तुरंत एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया.

**आग ने धरा विक्राल रूप, समय पर नहीं पहुंचा फायर ब्रिगेड**

आगलगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घर के दीवार जलकर जहां-तहां फट गए तथा छत में भी दरारें आ गई. आग लगने की वजह से आंगन में रखा एक पिकअप वैन भी जलकर खाक हो गया. आनन-फानन में घटना की सूचना पूर्वी टुंडी थाना व फायर ब्रिगेड को दी गई. घटना की सूचना पाकर पुलिस तो पहुंच गई मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची.

**लोगों ने मोटर पम्प से बुझाई आग**

जैस-तैसे स्थानीय लोगों ने अपने अपने घरों पर सिंचाई कार्य के लिए रखे तीन-चार मोटर पम्प निकालकर पास ही मौजूद कुएं पर लगाया और आग बुझाने के कार्य में जुट गए. आग लगभग सवा घंटे तक जलती रही और सबकुछ नष्ट हो गया. जिस मकान में आग लगी थी लोग उसे तो बचा नहीं पाये लेकिन स्थानीय लोगों के राहत कार्य से बगल में स्थित दूसरे मकानों को आग लगने से बचा लिया गया.

**आग बुझने के बाद पहुंचा फायर ब्रिगेड**

लोगों के आग पर काबू पा लेने के बाद अंत में फायर ब्रिगेड पहुंची. फायर ब्रिगेड के समय पर नहीं पहुंचने के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल था. फायर ब्रिगेड कर्मीयों को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा और लोगों ने गाड़ी को मुख्य सड़क से ही वापस भेज दिया.

**घर में रखे नगद, जेवर, फर्निचर व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हुए खाक**

घर के मालिक मदन भंडारी के पुत्र गौतम भंडारी ने बताया कि वह वह वर्षों से डीजे साउंड का काम करता है. डीजे साउंड आदि ढोने के लिए ही उसने पिकअप वैन खरीदी थी. उसे पीएम आवास स्वीकृत हुआ था जिसपर उसने अपने कुछ पैसे मिलाकर बनाया था. घर में तीन भाइयों समेत बूढे माता पिता रहते थे. उन्होंने बताया कि घर के अंदर लगभग 50 हजार नगद रुपए, कपड़े, जेवर तथा कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि रखे थे जो जलकर राख हो गए. गनीमत ये रही की घटना के वक्त ज्यादतर लोग शादी में भाग लेने बाहर गए हुए थे. हालांकि आग लगने के कारणों का पता अबतक नहीं चल पाया है, लेकिन अंदेशा लगाया जा रहा है कि आग लगने की वजह शार्ट-सर्किट हो सकती है.

## धनबाद स्टेशन में गरीबों के बीच भोजन वितरण।

**संवाददाता अजीत कुमार**

**धनबाद** झारखंड : बेलगडिया - भूत पूर्व सैनिक बेलगाडिया निवासी बेनी मिश्रा कि धर्मपत्नी स्वर्गीय जानकी देवी के ब्राम्हण भोज अपने आवास बेलगाड़िया में सम्पन्न हुआ,उसके बाद धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिण छोर पर जरूरतमंदों को भ श्राद्ध कार्यक्रम के माध्यम से लग भग 250 गरीब परिवार को खाना खिलाया गया धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिण छोर, शक्ति मंदिर और शनि मंदिर डी ए वी स्कूल, दरी मोहल्ला के पास गरीबों को खाना खिलाया गया .जिसमे मौके पर मौजूद शंकर मिश्रा, मोहन मिश्रा जितेंद्र मिश्रा,राहुल मिश्रा और सभी मिश्रा परिवार के लोग उपस्थित थे!



अलग पहचान



# सीता सोरेन पर भी हो सकता है हमला, बाबूलाल ने जताई आशंका

**रांची।** दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन द्वारा वहां की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का का वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करनेवालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं दुर्गा सोरेन की मौत भी इसी खूनी मानसिकता का परिणाम तो नही है! उन्होंने कहा कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला प्रत्याशियों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही उनकी पराजय को दर्शाता है।




श्री मरांडी ने चुनाव आयोग एवं राज्य की पुलिस से मांग की है कि गीता कोडा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी न हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं डीजीपी इस पर संज्ञान लें।

# हाइकोर्ट ने सरकर से पूछा, दर्ज प्राथमिकी पर क्या हुई कार्रवाई

**रांची।** हाइकोर्ट में त्रिकूट पर्वत देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वत: संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करनेवाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है। इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है। उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है।




# मतदान दिवस पर मेडिकल प्लान को लेकर डीईओ ने की बैठक

**अस्पतालों व एंबुलेंस की अपडेटेड सूची तैयार करने का दिया निर्देश**

**स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म 12 डी भर निर्वाचन को समर्पित करें**

**निर्वाचन को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे सभी स्वास्थ्य संस्थान**

**समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों,आयुष्मान मित्रों के साथ की बैठक,दिया जरूरी दिशा-निर्देश**



**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदान दिवस 25 मई 2024 को लेकर मेडिकल प्लान को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों (एमओआइसी) एवं आयुष मित्रों के साथ बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार,नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो,प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग अविनाश कुमार समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान दिवस को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सका प्रभारी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। उन्होंने आगामी 25 मई मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मेडिकल टीम को सुनिश्चित करने के लिए तैयार मेडिकल प्लान पर चर्चा हुई। गर्मी को देखते हुए जरूरी दवाइयां/ओआरएस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, स्वास्थ्य संस्थानों को भी अलर्ट मोड में रखने को लेकर सभी जरूरी तैयारी करने को कहा।

उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों/उपलब्ध एंबुलेंस - अस्पताल प्रबंधन एवं एंबुलेंस चालकों आदि का मोबाइल नंबर के साथ अपडेट सूची तैयार कर निर्वाचन कोषांग को समर्पित करने को कहा। वहीं, जरूरी सेवाओं के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों एवं निर्वाचन दायित्वों को लेकर प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म 12/12डी भरकर अविलंब पोस्टल कोषांग को समर्पित करने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी कर्मी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित नहीं रहें इसे सुनिश्चित करेंगे।

वहीं,आयुष मित्रों को स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों,कार्यरत कर्मियों वैसे व्यक्ति जिसका किसी भी कारण से मतदाता सूची में अभी भी नाम दर्ज नहीं हो सका है। उन्हें फार्म 06 भरने को लेकर जागरूक करने को कहा। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी के लक्ष्य में सभी की भागीदारी जरूरी है।

# नलिन सोरेन के बयान पर सीता सोरेन का पलटवार, आपके बाजुओं और लाठियों में अभी इतनी ताकत नहीं

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति गर्म होती जा रही है। कुछ दिनों पहले जेएमएम के दुमका से उम्मीदवार नलिन सोरेन ने कहा था कि गीता कोडा पर हमला होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा था कि झामुमो के विरोध में कोई भी विपक्षी प्रत्याशी बोलेगा, तो उसे ऐसी ही स्थिति का सामना करना पडेगा। नलिन सोरेन के इस बयान पर हाल ही में भाजपा में शामिल हुई सोरेन परिवार की बडी बहू सीता सोरेन ने पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि नलिन सोरेन जी जरा अपने महल से निकल कर जनमानस के बीच जायें, तो शायद आपको अहसास हो जाये कि जेएमएम और उसके भ्रष्टाचारी आकाओं के लिए प्रदेश तथा दुमका की जनता में कितना आक्रोश है।



सीता सोरेन ने आगे लिखा कि रही बात आपकी गीदडधमकी की, तो आपके बाजुओं और लाठियों में अभी इतनी ताकत नहीं कि वह मुझे जनता से मिलने, सच बोलने और संवाद करने से रोक सके। गीता कोडा पर जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया कायराना हमला, हार के सच को बदलने की वजह से किया गया था। आप इस कुकृत्य पर छाती चौडी करना छोड दें, वरना प्रदेश की जनता जेएमएम और आप जैसे नेताओं का वो हस्र करेगी कि नींद में भी एक ही जैसे सपने हर रोज आकर बहुत सतायेंगे। सीता सोरेन ने कहा कि दुमका मेरा परिवार है और परिवार से मिलने से कोई भी तानशाही शक्ति मुझे न तो डरा सकती है, और न ही रोक सकती है। खैर आपकी गीदड धमकियों के लिए शुक्रिया। ये पब्लिक है, सब जानती है।

# वोटिंग पर मीटिंग व वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम कल

**जिले भर में होगा आयोजन,वोटिंग पर मीटिंग में जेएसएलपीएस की महिला समूह से जुड़ी सखी दीदी होंगी बैठक में शामिल**

**वोटिंग पर पेटीएम का सभी विद्यालयों में होगा आयोजन,अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक होंगे शामिल**

**मतदान दिवस 25 मई 2024 को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए किया जाएगा जागरूक**



**बोकारो।** सूचना भवन स्थित स्वीप कोषांग कार्यालय में गुरुवार को नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर शुक्रवार को होने वाले वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीटिंग की तैयारी पूरी कर ली गई है। वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में जहां जेएसएलपीएस की समूह से जुड़ी दीदी शामिल होंगी,वहीं वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम में विद्यालयों में अध्ययनरत पैरेंट्स – टीचर के बीच मीटिंग होगा। इसके आयोजन को लेकर स्वपी कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारियों ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। हमारा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है, साथ ही छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़वाना है। ताकि चुनाव का पर्व,देश का गर्व में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें।

वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम में निम्न जानकारी दी जाएगी -

- सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, ट्राइ साइकिल/वोलेंटियर की व्यवस्था है। वृद्ध जनों के लिए वोलेंटियर्स के साथ टोटो (आटो) की व्यवस्था है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतार एवं मतदान में प्राथमिकता की सुविधा एवं शहरी मतदान केन्द्रों में शेड, कुर्सी एवं पार्किंग की व्यवस्था होगी।
- मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्प लाइन एप, सी-विजिल एप मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाईन नं0-1950 है।
- मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं लोक उपकरण पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है।
- किशोर- किशोरी दिनांक - 26.04.2024 तक फॉर्म-6 में अपना नाम जोड़वा सकते है।
- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन यथा किसी भी धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा,चर्च इत्यादि एवं बिना गृह स्वामी के स्वीकृति के चुनाव प्रचार सामग्री लगाना/दिवार लेखन पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।
- मतदान की तिथि को किसी समूह/व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे शराब या अन्य नसीले पदार्थ, पैसा, उपहार इत्यादि वितरण की सूचना या डराने, धमकाने एवं शस्त्र के प्रदर्शन की सूचना उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को या जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नं0-8986660333, 06542-223705 पर दिया जा सकता है।
- मतदान दिवस पेड लिव (Paid Leave) होता है।
- मतदान दिवस को एक महापर्व के रूप में मनाना एवं सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर सभी को प्रेरित करना है। स्वयं मतदान करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सह डीईओ श्री जगरनाथ लोहरा,प्रभारी पदाधिकारी सह जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार,प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित समेत कोषांग के अन्य पदाधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

# 110 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस हुआ रद्द

## बार – बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा नहीं करने का मामला

**उपायुक्त सह शस्त्र दण्डाधिकारी विजया जाधव ने की कार्रवाई, जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर लिया संज्ञान**

**बोकारो।** बार – बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने गुरुवार को ऐसे कुल 110 शस्त्र दंडाधिकारियों के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है।



इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग - अलग आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु कार्यालय ज्ञापांक-373/सा०, दिनांक-16/03/2024 एवं ज्ञापांक-392/ सा०, दिनांक-27/03/2024 द्वारा बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। दो बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की है।

आर्म्स रूल (Arms Rules) 1959 की कंडिका 17 की उप कंडिका 3(B) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुल 110 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को रद्द किया गया है।

# तीन वर्षों से राशन उठाव नहीं करने वालों का होगा राशन कार्ड रद्द

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जारी किया पत्र,जिले में ऐसे कुल 1120 लाभुक**

**संबंधित लाभुक 15 दिनों में दर्ज कराएं आपत्ति,नहीं तो होगी कार्रवाई**

**बोकारो।** गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो ने कहा कि जिले में ऐसा पाया गया है कि कुछ कार्डधारियों के द्वारा विगत 03 वर्षों या उससे अधिक समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि वैसे लाभुकों को राशन की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में कई योग्य लाभुक राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन के पश्चात प्रतीक्षारत हैं, परन्तु रिक्ति के अभाव में राशन कार्ड निर्गत नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में राशन उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियो का राशन रदद् करने की कार्रवाई की जानी है।

वैसे लाभुक जो विगत तीन वर्षों से राशन का उठाव नहीं कर रहें हैं। उनका राशन कार्ड रदद् करने की कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्ड रदद् करने हेतु ऐसे लाभुकों की सूची कार्यालय के सूचना पट्टा एवं जिला के वेबसाइट पर जारी की गई है।

सूची में दर्ज सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वह 15 दिनों (एक पक्ष) के अंदर जिला आपूर्ति कार्यालय, बोकारो में अपनी आपत्ति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा भविष्य में किसी प्रकार का दावा अमान्य होगा। जिले में ऐसे लाभुकों की संख्या 1120 है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब, गगनभेदी नारेबाजी, पुष्पवर्षा होती देख नेताओं के खिले चेहरे

**ब्यूरो डा योगेश कौशिक**

**बागपत।** रालोद सुप्रीम चौ जयंत सिंह ने भी अपने पिता और दादा की पुश्तैनी सीट या कहें कर्मभूमि पर वर्चस्व कायम करने के लिए खुद ही कमान संभाल ली है। इसकी शुरुआत भी भावनात्मक रूप से जुडाव वाली धरती छपरौली क्षेत्र के गांवों से शुरू की। इस रोड शो के लिए जन सैलाब और जोश सभी को अचंभित करता रहा।

रालोद सुप्रीम चौ जयंत सिंह ने प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को साथ लेकर रोड शो की शुरुआत शक्ति रथ पर आरूढ होकर लोयन मलकपुर से की । इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रालोद के नेतागण व समर्थकों में भारी उत्साह तथा जोरदार नारेबाजी दूर दूर तक गूंजती रही। प्रत्याशी और रालोद सुप्रीम लोगों का अभिवादन हाथ हिलाकर व बडे बुजुर्गों को दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार व रामराम करते रहे।





रोडशो के दौरान नंगला सिनौली, छपरौली, कुर्डी , तुगाना, लूंब , किरठल, रमाला, किशनपुर बिराल, बावली गांवों सहित बडौत तक समर्थकों का हुजूम रालोद- भाजपा गठबंधन के उज्ज्वल भविष्य का पहले ही एहसास कराने को बेताब सा नजर आया।

सिरसली के ग्राम प्रधान रहे रालोद नेता राजू सिरसली ने बताया कि छपरौली की जनता ने रोड शो के जरिये चौ जयंत सिंह को बता दिया है कि, दादा चौ चरण सिंह की तरह पूरा क्षेत्र आपको अपना संरक्षक मानता है तथा आपके हर निर्णय में हमेशा साथ है।

चौ जयन्त सिंह के साथ शक्ति रथ पर प्रत्याशी डा राजकुमार सांगवान , विधायक डा अजय कुमार, राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा,सुखवीर सिंह गठीना , जिलाध्यक्ष रामपाल धामा भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय पूर्व विधायक साहब सिह आदि सहित गजेन्द्र सिंह मुन्ना अजय तोमर , वीरपाल राठी, नगर पालिका अध्यक्ष पति अश्वनी तोमर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चैयरमैन धीरज उज्ज्वल जिला पंचायत जयकिशोर, पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय सचिव कुलदीप उज्ज्वल सुरेश मलिक एड जयवीर तोमर राजू तोमर सिरसली आसिफ चौधरी राहुल धामा श्रीकान्त धामा डा साहब सिंह तोमर जगपाल तेवतिया पप्पू पहलवान आनन्द छिल्लर सचिन राणा सुरेश राणा नरेश तोमर विकास बाछौड़ बवली तोमर वरुण तोमर ओमवीर तोमर सत्यवीर वीरपाल मलिक रामकुमार चैयरमैन सतेन्द्र मलिक सचिन राणा संजय पंवार विनोद खेडा मदन उज्जवल विनोद मलिक मनोज तोमर उपेन्द्र प्रधान गगन धामा अमित चिकारा मा० प्रहलाद सिंह विनोद सिंह उज्जवल खोखर, विवेक चौधरी तेजपाल धनौरा कर्नल ब्रह्मपाल तोमर संजीव राठी वीरेन्द्र राणा फखरुद्दीन अनिरुद्ध प्रधान देवेन्द्र धामा गुल्लु आदि रोड शो के दौरान मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क व सभा के जरिये भाजपा गंठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत|।** प्रदेश के ऊर्जा व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग में राज्यमंत्री डॉ सोमेन्द्र तोमर ने संसदीय क्षेत्र के गुर्जर बाहुल्य वाले गोठरा, खैला, ढोढ़रा, कैड़वा आदि गांवों में जनसभा कर एनडीए व राष्ट्रीय लोकदल गंठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागंवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, भाजपा ने हर वर्ग के लिए कार्य किये हैं। डॉ सांगवान एक समर्पित कार्यकर्ता हैं।



अपने पैतृक गांव में आए राज्यमंत्री सोचेंद्र तोमर ने कहा कि, रालोद ने एक ईमानदार कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया है। कहा कि ,पीएम मोदी जो घोषणा करते हैं, उन्हें वे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करने का काम भी करते हैं। उन्होंने किसान सम्मान निधि देकर किसानों का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि, भाजपा की कथनी व करनी में भेद नहीं है। वह जो कहती है, उस संकल्प को पूरा करती है।

इस दौरान पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह रमाला, जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर, आयुष्य चपराना, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, राजीव धामा, कपिल देव, महेन्द्र भड़ाना, महिला मोर्चा की नेता लता सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# जनसंपर्क,जातिवादी विष या मजहबी जुनून के बदले चौ चरण सिंह की नीतियों व रालोद सुप्रीम के मिशन को दें वोट : रमन शर्मा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के लिए अब युवाओं की टीम भी सक्रिय हो गई है तथा डोर टू डोर मुहिम के तहत जीत का परचम फहराने में सभी वर्गों सहित युवाओं से विशेष आह्वान कर रही है।

मेरठ से आए युवा नेता रमन शर्मा के नेतृत्व में लगातार नंगला, सिनौली, हलालपुर आदि गांवों सहित देर शाम बडौत नगर की पट्टी चौधरान, सुभाष नगर, खिरनी मौहल्ला आदि में जनसंपर्क किया तथा युवाओं को व्यापक राष्ट्रीय हित सहित महिला सशक्तिकरण, किसानों की समस्याओं के समाधान तथा मंहगाई तथा बेरोजगारी की समाप्ति के लिए रालोद प्रत्याशी को जीत दिलाने की बात कही। रालोद के युवा नेता रमन शर्मा ने कहा कि, चौ चरण सिंह की नीतियों पर चलकर क्षेत्र में हर युवा को रोजगार दिलाने का काम रालोद की प्राथमिकता रहेगी ।



इस अवसर पर जितेंद्र तोमर, राजीव तोमर, मेरठ महानगर के रालोद अध्यक्ष रहे भाई गफ्फार, विजय शर्मा, अमरपाल सिंह, योगेन्द्र प्रधान, हरेंद्र प्रमुख आदि ने कहा कि, बागपत लोकसभा क्षेत्र की जनता जातिवाद अथवा मजहबी जुनून में आकर नहीं, बल्कि चौ चरण सिंह की नीतियों तथा चौ जयंत सिंह के मिशन को लक्ष्य कर रालोद को वोट करेगी और ऐतिहासिक जीत दर्ज कराएगी ।

## मतदान हेतु कलेक्ट्रेट में हुई एयर बैलून की लॉन्चिंग ,जनपद में 5 स्थानों पर लगे एयर बैलून

# ••26 अप्रैल को बागपत का मतदाता मतदान के लिए होगा तैयार

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।**चुनाव का पर्व- देश का गर्व, लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु जनपद में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए स्वीप द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में हाइड्रोजन बैलून की लॉन्चिंग की ।

बता दें कि,जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पांच स्थानों पर बैलून लगाए गए हैन।कलेक्ट्रेट बागपत, कार्यालय नगर पालिका खेकड़ा , छपरौली विकासखंड ,जीवाना टोल प्लाजा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी बडौत कार्यालय में हाइड्रोजन युक्त एयर बैलून स्थापित किए गए हैं । इन गुब्बारों पर जनपद में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए बागपत के मतदाताओं को जिलाधिकारी की अभिनव पहल पर यह कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया है, जिससे बागपत का हर मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके और अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुन सके।




जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मतदान तिथि लिखा उक्त एयर बैलून कलेक्ट्रेट में लॉन्च किया ,जो जनपद के मतदाताओं को 26 अप्रैल को होने बाले मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा। एयर बैलून के जरिए मतदान की अपील की जा रही है। स्वीप जिला समन्वयक अरुण तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप के अंतर्गत बैलून पर मतदान तिथि 26 अप्रैल लिखी हुई है ,जिससे मतदाता मतदान करने के लिये अवश्य प्रेरित होंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि, मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूलों व विद्यालयों में जगह जगह मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जा रही है और वॉल पेंटिंग सहित अन्य रचनात्मक माध्यमों से मतदाताओं के बीच चुनाव के पर्व, देश के गर्व को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिले के मतदाता अपने मतदान के अधिकार एवं कर्तव्य के विषय में जागरूक होकर मतदान करने का संकल्प भी ले रहे हैं। माना जा रहा है कि जिलाधिकारी की इस अभिनव पहल से निश्चित ही बड़ी संख्या में जिले के मतदाता वोट डालने जायेंगे और लोकतंत्र के पर्व में सहभागी बनेंगे। स्वीप तकनीकी टीम से अमन कुमार ने जानकारी दी कि, अभी तक स्वीप बागपत एप को 14 हजार से अधिक बार प्रयोग किया जा चुका है और लोग निरंतर इसका प्रयोग कर रहे हैं। एयर बैलून लॉन्चिंग के अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# विगत 6 माह में गोठरा के आसपास मिल चुके है चार शव , अभी तक किसी की भी नही हो सकी शिनाख्त

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा** |दिल्ली -शामली रेल मार्ग पर पिछले 6 माह के भीतर वहां ट्रेन से कटे चार अज्ञात शव मिल चुके हैं। पुलिस अभी तक एक की भी शिनाख्त नहीं कर सकी है ,जबकि ग्रामीण इन सभी मौतों को संदिग्ध मानते रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार की देर शाम गोठरा हाल्ट के पास रेल पटरी पर मिले अज्ञात युवक के शव की भी शिनाख्त नही हो सकी है।बता दें कि,अक्टूबर 2023 से अब तक वहां ट्रेन से कटे चार अज्ञात शव मिल चुके हैं। इनमें 21 अक्टूबर 2023 और 17 अप्रैल 2024 को मिले शव खेकडा कोतवाली क्षेत्र में पाए गए हैं,जबकि दो शव लोनी कोतवाली क्षेत्र में पाये गए हैं। चारों मृतकों की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच की ही रही है। इनमें दो के गर्दन कटे सिर ट्रैक के अंदर और बाकी शरीर ट्रेक के बाहर मिले हैं। बाकी दो के ,गर्दन से कटे सिर ट्रैक के बाहर और शरीर ट्रैक के अंदर मिले हैं। पुलिस अभी तक इनमें से किसी भी मृतक की शिनाख्त नहीं करा सकी है।

इसबीच गौरतलब यह भी है कि, ग्रामीण इन घटनाओं को ट्रेन से घटी घटना मानने को तैयार नहीं। वे इन्हें संदिग्ध मान रहे हैं। कोतवाली प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि ,मृतकों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**खेकडा।** दिल्ली -शामली रेल मार्ग पर गोठरा में बीती शाम एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।



बुधवार की देर शाम यात्री ट्रेन दिल्ली से शामली की ओर जा रही थी। इस दौरान गोठरा रेलवे हाल्ट के पास एक युवक की उससे कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटो तक मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई। इसके बाद पुलिस ने शव को लावारिस में पांचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। कोतवाली प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि, शिनाख्त के प्रयास कराए जा रहे हैं।

## आश्चर्य :सरकारी क्रय केन्द्र खाली, प्राइवेट मिल को मिल रहा गेहूं!

# ••किसानों को आकर्षित करने में सरकारी तंत्र फेल

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।**सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के बजाए ,किसान प्राइवेट मिल पर बेचने को लालायित नजर आ रहे हैं , क्योंकि सरकारी तंत्र से बेहतर तौल सुविधा, अधिक भाव, नगद पेमेंट किसानों को आकर्षित कर रहा है। दिल्ली -सहारनपुर हाइवे पर स्थित आटा मिल को किसान गेहूं देने में किसान अच्छा समझ रहे हैं, दूसरी ओर सरकारी क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा सा पसरा हुआ है।

एक अप्रैल से सरकार ने किसानों के गेहूं खरीदने के लिए क्रय केंद्र शुरू किए , लेकिन खेकडा के सहकारी क्रय विक्रय केंद्र पर गुरुवार तक भी गेहूं की पहली खरीद नही हो पाई ।माना जा रहा है कि, किसान सरकारी तंत्र से खुश नही हैं। अधिक भाव, नगद पेमेंट और अन्य सुविधाओं के चलते किसान सरकारी के बजाए प्राइवेट मिल को गेहूं बेचने में खुश दिख रहे हैं। दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाइवे पर स्थित प्राइवेट आटा मिल पर गेहूं लदे वाहन पहुंच रहे हैं।



किसान संजय, राजेश, देवेन्द्र, रवि राजपाल, जय किशन आदि का कहना है कि, सरकारी केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन, फरद, खाता नम्बर आदि की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फिर आनलाइन पेमेंट का इंतजार भी करना पडता है। वहीं प्राइवेट मिल पर सरकारी केंद्र के मुकाबले 25 रुपये अधिक देकर प्रति कुंतल की खरीद की जा रही है। इतना ही नहीं साथ में पेमेंट भी नकद ही दिया जा रहा है। आलम यह है कि बागपत ही नहीं, गाजियाबाद के मंडौला, लोनी क्षेत्र के किसान भी गेहूं लेकर प्राइवेट मिल पर बेचना पसंद कर रहे हैं। किसानों की सरकारी तौल केन्द्रों से बेरुखी में सरकारी तंत्र की नीतियों की विफलता दिखा रही है।

# हंड्रेड ग्लोबल कलेक्शन 2025 के लिए 1मई तक मांगे आवेदन ,शिक्षा में नवाचार में संलग्न लोगों को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** शिक्षा में नवाचार हेतु कार्यरत फिनलैंड की अंतर्राष्ट्रीय संस्था हंड्रेड ने ग्लोबल कलेक्शन 2025 के लिए विश्वभर से आवेदन मांगे हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 100 प्रोजेक्ट वालों को हंड्रेड इनोवेशन समिट में पुरस्कृत किया जाएगा। जिले के नवाचारक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



भारत में हंड्रेड एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य अमन कुमार ने बताया कि, हंड्रेड ग्लोबल कलेक्शन सूची विश्वभर के महत्वपूर्ण शैक्षिक शोध संस्थानों के लिए रुचि का विषय रही है। सूची में स्थान मिलने पर प्रोजेक्ट को भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलती है। विगत वर्ष भारत के 15 से अधिक प्रोजेक्टों को सूची में स्थान मिला था । इस बार जिले में शैक्षिक नवाचार को बढ़ावा दे रहे शिक्षकों एवं संगठनों के लिए अवसर है कि ,वह शिक्षा में नवाचार के अपने प्रयासों को ग्लोबल कलेक्शन हेतु हंड्रेड फिनलैंड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से लिंक https://hundred.org/en/innovations/new?collection_id=hundred-global-collection-2025 पर आवेदन कर सकते है, जिसकी अंतिम तिथि 1 मई है।

# अनेक बसपा समर्थकों व पदाधिकारियों को सपा जिलाध्यक्ष ने ज्वाइन कराई समाजवादी पार्टी



**संवाददाता डॉ योगेश कौशिक**

**बडौत।** सपा जिलाध्यक्ष ने बसपा छोडकर सपा में शामिल होने की इच्छा रखने वाले पदाधिकारियों व सक्रिय समर्थकों को सदस्यता प्रदान की तथा सपा प्रत्याशी की जीत में अहम रोल अदा करने का आह्वान किया।

सपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार बडौत स्थित पार्टी के चुनाव कार्यालय पर बसपा के दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों व नेताओं को सपा में शामिल किया गया, जिनमें संयोजक संजय जाटव, बडौत विधानसभा प्रभारी नसीम मलिक, बडौत विधानसभा अध्यक्ष संदीप जाटव, कोषाध्यक्ष महेश गुर्जर, संजय गौतम, वीर पाल जाटव, ललित जाटव, रामनिवास, गोपाल, ओमबीर, प्रवीण जैन आदि शामिल हैं। सदस्यता ग्रहण कराने के मौके पर अन्यों के अलावा सपा के प्रदेश सचिव हाजी शकील शाह, सह प्रभारी संदीप भारद्वाज, हरेन्द्र शर्मा आदि ने कहा कि, सपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने में पार्टी में शामिल होने वाले नवागंतुकों की बड़ी भूमिका होगी।

# शक्ति रथ की नुकीले एंगल से चौ जयंत सिंह हुए चोटिल, डाक्टर ने की ड्रेसिंग व दिया इंजेक्शन

### युवाओं की भावनाओं को समझकर चौ चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**छपरौली।**शक्ति रथ पर सवार अपने प्रिय नेता को नजदीक से देखने को उमडे जनसैलाब के साथ ही शक्ति रथ पर सवार होने के लिए नेता भी बेताब नजर आए। इस दौरान घिचमिच और अपने लिए जगह बनाने के प्रयास के चलते जहां चौ जयंत सिंह का ध्यान लोगों की भावनाओं को स्वीकार कर उन्हें अपने हाथों से या चेहरे पर आई मुस्कान बिखेरने में व्यस्त देखा गया।



इसी दौरान शक्ति रथ की उभरी हुई एक ऐंगल ,चौ जयंत सिंह की हथेली में लग गई थी तथा खून निकलने लगा था, लेकिन उसकी परवाह न करते हुए रालोद सुप्रीम चौ जयंत सिंह, छपरौली के भावनात्मक संबंधों में स्वयं को शामिल कर आनंद का अनुभव ही करते रहे , लेकिन दादा से लेकर पोते तक के लिए जान छिडकने वाली छपरौली भला अपने इस नायाब नेता को चोटिल देखे और उपचार भी न करा सके,ऐसा तो सपने में भी संभव नहीं है। इसीलिए रालोद के राष्ट्रीय सचिव डॉ कुलदीप उज्ज्वल ने रथ रुकवाया और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ केपी खोखर एवं उनकी नर्सिंग असिस्टेंट शालू को लेकर रथ में अंदर प्रवेश किया ,जहाँ मेडिकल की इस टीम ने जयन्त चौधरी को टिटनेस का इंजेक्शन देकर ड्रेसिंग भी की। रोड शो के दौरान तय कार्यक्रम में देरी न हो, इस मकसद से शक्ति रथ चौ चरण सिंह पुस्तकालय परिसर में लगी भारत रत्न चौ चरण सिंह की मूर्ति से आगे बढते देख सैकड़ों युवाओं ने रथ के आगे खड़े होकर हंगामा कर दिया, तो चौ जयंत सिंह ने युवाओं की भावनाओं को सम्मान देते हुए तथा रालोद महासचिव राजेन्द्र शर्मा के साथ रथ से नीचे उतरकर तथा परिसर में जाकर अपने दादा चौ चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ,तब शक्ति रथ आगे बढ सका। इस दौरान हर्षित हुआ जनसम्मर्द जोरदार नारेबाजी करता रहा।